Synergy

BSES

BSES Yamuna Power Limited

सितम्बर – अक्टूबर 2008

अब सीधे मिलिये, सीईओ से

प्रिय मित्रों,

बीएसईएस के तौर पर हम इस बात में यकीन करते हैं कि अपने हर उपभोक्ता के पास पहुंचा जाए। अपने इस उद्देश्य के लिए, हम हमेशा नए रास्ते ढूंढते रहते हैं। हमने अपने शिकायत निवारण तंत्र को काफी मजबूत बनाया है और उपभोक्ता के लिए उपयोगी योजनाएं लाते रहे हैं।

आज की तारीख में, हर ढाई किलोमीटर पर बीएसईएस का एक ऑफिस है। उपभोक्ताओं के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए हमारे सभी 33 डिविजनों में (बीवाईपीएल 14) उच्च प्रशिक्षित कस्टमर केयर ऑफिसर (सीसीओ) तैनात हैं। इसके अलावा, बीएसईएस विशिष्ट सहयोगी, बीएसईएस आपके द्वार, उपभोक्ता दिवस, और आरडब्ल्यूए के साथ नियमित संवाद आदि ऐसे कई मंच हैं, जिनके माध्यम से आप बीवाईपीएल के सीनियर मैनेजमेंट तक सीधे अपनी बात पहुंचा सकते हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती है। अपनी सभी जिज्ञासाओं और शिकायतों के लिए आप को अब बस एक ही नंबर डायल करना है– 39999808।

6 सितंबर, 2008 से, बीएसईएस अपने कस्टमर केयर को और एक और नई ऊंचाई पर ले जाएगी। यदि आपकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, तो आप सीधे मुझे ceo@bsesdelhi.com पर ईमेल कर सकते हैं। यही नहीं, आप हर कामकाज वाले शनिवार को बीएसईएस के नेहरू प्लेस ऑफिस में मुझसे दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मिल भी सकते हैं। इसके लिए, आपको 39999838 डायल कर के अपॉइनमेंट लेनी होगी। इस का फायदा यह होगा कि यहां बेवजह इंतजार में आपका समय बरबाद नहीं होगा।

भवदीय,

अरूण कंचन

सीईओ, बीएसईएस

बीएसईएस *विशिष्ट सहयोगी* पहल को किरण बेदी ने किया लॉन्च

नामी आईपीएस अधिकारी और रेमन मेग्सेसे पुरस्कार से पुरस्कृत डॉ किरण बेदी ने हाल ही में बीएसईएस की पहल बीएसईएस *विशिष्ट सहयोगी* को लॉन्च किया। शहर के कई नामी नागरिकों व हस्तियों के साथ मिलकर यह पहल शुरू की गई है।

इस पहल के लॉन्च के मौके पर कई प्रसिद्ध नागरिकों व हस्तियों– जिनमें समाज और अपने इलाके के विकास व कल्याण की दिशा में कुछ करने का जज्बा था– को बीएसईएस *विशिष्ट सहयोगी* बनने के लिए आमंत्रित किया गया। इस पहल के पहले चरण में कंपनी ने कुल 151 *विशिष्ट सहयोगी* (बीवाईपीएल 66) बनाए।

बीएसईएस के जीआईएस को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

रिलायंस एनर्जी/ बीएसईएस द्वारा उपयोग में लाई जा रही स्टेट ऑफ द आर्ट तकनीकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। पिछली 6 अगस्त, 2008 को रिलायंस एनर्जी लिमिटेड/ बीएसईएस को एनवायरमेंटल सिस्टम रिसर्च इंस्टिट्यूट (ईएसआरआई) ने सैन डिएगो, अमेरिका में अपने 28वें एनुअल यूजर कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया। उन्हें स्पेशल अचीवमेंट इन जीआईएस पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

दुनियाभर में यूजर साइट्स को जीआईएस के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए यह पुरस्कार दिया जाता है। रिलायंस एनर्जी लिमिटेड/ बीएसईएस को विश्वभर में 1,00,000 यूजर साइट्स प्राप्त करने पर, यह पुरस्कार दिया गया।

बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आई बीएसईएस

मानसून के दौरान यमुना के बढ़ते जल स्तर के कारण दिल्ली में सैकड़ों लोगों को अपनी जगह छोड़कर दूसरी जगह जाना पड़ा। खासकर उन लोगों को, जो समाज के आर्थिक रूप से कमजोर तबके से ताल्लुक रखते हैं। बीएसईएस ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी के तहत अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए, 20 हजार फूड पैकेट्स बांटे। जिन बाढ़ प्रभावित इलाकों/ राहत कैंपों में फूड पैकेट्स बांटे गए, उनमें शामिल थे– पुराना यमुना पुल, यमुना पुल– वजीराबाद, बाटला हाउस/ जाकिर नगर, उस्मानपुर पुस्ता गली नंबर 1, 2, 3 व 5 और बाबरपुर खादर (निकट सोनिया विहार)।

हम सुन रहे हैं...
डायल कीजिए 39999808

संपादकीय टीमः कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस विभाग
अपने सुझाव और विचार इस पते पर भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस भवन, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110 019
अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें – www.bsesdelhi.com